विहार विधान सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि १७ अप्रैल, १९५३ को पूर्वाह्न ११ बजे माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर।

**Short-Notice Questions and Answers.**

---

मुजफ्फरपुर जिला के पारू थानान्तर्गत बखरा ग्राम के मुहम्मद रियाज का गलती से पाकिस्तान का नागरिक बनाया जाना।

१३५। श्री नवल किशोर सिंह—क्या मुख्य मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू थाने के बखरा ग्राम के मुहम्मद रियाज नाम के एक व्यक्ति ने अंडर-सेक्रेटरी, पोलिटिकल डिपार्टमेंट के पास इस आशय की दर्खास्त दी है कि वह एक अशक्षित व्यक्ति होने के कारण पाकिस्तान के नागरिक बना लिये गये थे लेकिन वह वहां पुनः लौट कर जाना नहीं चाहते हैं;

(ख) क्या यह बात सही है कि अपनी बूढी एवं रोगिणी मां के वे एकमात्र सहारा हैं और उन्हें पाकिस्तान से रिश्ता एवं सम्पत्ति का कोई सरोकार नहीं है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हों, तो अभी तक उस दर्खास्त पर क्या कार्रवाई हुई है?

श्री कृष्णवल्लभ सहाय—(क) गवर्नमेंट के पास कोई दरखास्त नहीं आई है।

(ख) गवर्नमेंट को इसकी कोई खबर नहीं है।

(ग) सवाल नहीं उठता है।

श्री नवल किशोर सिंह—अगर कोई आदमी पाकिस्तान का नागरिक बन गया हो और उसके परिवार के लोग यहीं हों और आदमी फिर यहां आ गया हो और वह रहना चाहता हो तो उसके सामने क्या रास्ता है?

श्री कृष्णवल्लभ सहाय—यह सवाल जो आप पूछ रहे हैं उसका संबंध रिलीफ और रिहैबिलिटेशन विभाग से है। जहां तक पोलिटिकल डिपार्टमेंट का संबंध है हमारे पास जो खबर है उसको मैंने यहां दिया।

अध्यक्ष—(Evacuee Property Management Bill) जो अभी पेश है उसको आप देखें। इस संबंध में कोई रास्ता मिल सकता है।

श्री जुनस सुरिन—अगर पुलिस और ग्राम पंचायत के लोग किसी पर अत्याचार करते हैं तो गवर्नमेंट इसके लिए क्या विचार करती है?

श्री कृष्णवल्लभ सहाय—यह नहीं उठता है।

SUBSIDY TO THE CULTIVATORS.

*1771. Shri **RAM JANAM MAHTO :** Will the Minister, in charge of the Revenue Department, be pleased to state—

(*a*) what is the amount of subsidy to be given to cultivators in the Sadr Subdivision of Bhagalpur for reclaiming waste-lands in the year 1953-54;

(*b*) whether the work of giving subsidy has been started, if not, when will it be started?

Shri **KRISHNA BALLABH SAHAY :** (*a*) The Districtwise allotment of funds for payment of the subsidy has not been made as yet, as the requirements of the District Officers have not been reported to Government as yet. They have been reminded.

(*b*) The subsidy scheme is in force in Shahkund, Pirpainty and Colgong thanas of the Sadr Subdivision of Bhagalpur District since last year. The results of the subsidy scheme in the district of Bhagalpur are as follows :—

| | Since the beginning of the scheme. | During 1952-53. |
|---|---|---|
| 1. Total number of applications filed .. | 145 | 39 |
| 2. Total number of applications allowed | 9 | 5 |
| 3. Total number of applications pending | Nil. Other cases were dropped as no reclamation had been done. | 34 |
| 4. Total amount of subsidy distributed .. | Rs. 3,570 | Rs. 1,520 |
| 5. Total area of land converted into paddy land. | 58.84 acres | 25.36 acres. |

गोविन्दपुर में शराब की दुकान।

*१७७२। श्री टीका राम मांझी—क्या मंत्री राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि धनबाद सबडिवीजन के अधीन गोविन्दपुर थाना या गोविन्दपुर बस्ती में ही शराब की दूकान है;

(ख) क्या यह बात सही है कि गांव के भीतर शराब की दूकान रहने के कारण गांव वालों में बहुत असन्तोष है;

(ग) क्या यह बात सही है कि शराब की दूकान के सामने जमींदार की कचहरी है और अच्छी-अच्छी मिठाई की दूकानें हैं ;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार शराब की दूकान को गांव के बाहर रखने का विचार करती है ?

श्री कृष्णबल्लभ सहाय—(क) उत्तर 'हां' है।

(ख) ऐसी शिकायत कोई नहीं आई है मगर माननीय सदस्य ने जो सवाल पूछा है उसके अनुसार जांच की जायगी।

(ग) उत्तर 'ना' है।

(घ) जो जवाब (ख) और (ग) में दिया गया है उसके बाद यह सवाल नहीं उठता है।

श्री श्रीशचन्द्र बनर्जी—(ग) से एराइज करता है, क्या कचहरी के सामने कोई मिठाई की दूकान नहीं है ?

श्री कृष्णबल्लभ सहाय—(ग) से नहीं (ख) से होगा।

**Shri SRISH CHANDRA BANERJI :** What about (ग) ?

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—(ग) में तो है कि क्या जमींदार की कचहरी शराब की दूकान के सामने है और अच्छी मिठाई की दूकान भी है, और हमने कहा इसका उत्तर 'ना' है।

श्री श्रीशचन्द्र बनर्जी—अच्छी मामूली मिठाई की कोई दूकान है ?

अध्यक्ष—शान्ति-शान्ति।

## खगड़िया में कठिन श्रम योजनायें।

*१७७३। श्री द्वारिका प्रसाद—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) खगड़िया सबडिवीजन के कौन-कौन क्षेत्र १९५२-५३ में अभावग्रस्त घोषित हुए ;

(ख) उक्त क्षेत्रों में भूमिहीन मजदूरों को रोजगार देने के निमित्त हार्ड मैनुअल वर्क की कौन-कौन योजनाएं बनायी गईं और उनमें से कौन-कौन काम में लायी गयीं ;

(ग) क्या यह बात सही है कि खगड़िया सबडिवीजन से भेजी गयीं ऐसी सभी योजनाएं कलक्टर या उच्च अधिकारियों के पास पड़ी रह गयीं, यदि हां, तो इसका कारण क्या था ;

(घ) यदि खंड (ग) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पूर्वोक्त साहाय्य कार्य नहीं होने के कारण मजदूरों को कष्ट हुआ है उसके लिये कार्रवाई करने का विचार रखती है ?